# फ्लैटेड फैक्ट्री : चौथी मंजिल तक आसानी से पहुंचेगी गाड़ी



इस तरह होगी फ्लैटेड फैक्ट्री

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रेडीमेड गारमेंट को नई ऊंचाई देने के लिए गीडा में बनाई जा रही फ्लैटेड फैक्ट्री के मार्च तक बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। इसके बाद यहां के विभिन्न फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। गीडा प्रशासन इस फैक्ट्री के निर्माण में उद्यमियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। चार मंजिल की इस फैक्ट्री के हरेक फ्लोर पर सामान लाने और ले जाने के लिए कुछ इस तरह के इंतजाम किए गए हैं कि हरेक फ्लोर तक गाड़ी पहुंच जाएगी। इसके लिए व्हीकल रैंप बनाया जा रहा है। इसके अलावा यहां तैयार होने वाले उत्पादों को डिस्प्ले और बिक्री के लिए 44 दुकानें भी बनाई जा रही हैं। इनमें से 80 फीसदी दुकानों को रेडीमेड गारमेंट के उद्यमियों को आवंटित की जाएगी।

रेडीमेड गारमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने गीडा में भी फ्लैटेड फैक्टरी लगाने का निर्णय लिया था। इसके तहत सेक्टर 13 में करीब 10,800 वर्ग मीटर में यह फ्लैटेड फैक्ट्री बनाई जा रही है। करीब 34 करोड़ की लागत की इस फ्लैटैड फैक्ट्री का निर्माण भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और प्रदेश सरकार के सहयोग से हो रहा है। इस बिल्डिंग में 80 फैक्टरियों की स्थापना होंगी, जिनमें करीब 2000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा।

इस चार मंजिली फैक्ट्री में विभिन्न आकार के 80 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। इसमें 80 फीसदी फ्लैट रेडीमेड गारमेंट और शेष 20 फीसदी अन्य उद्योगों को दिए जाएंगे।

प्लग एंड प्ले सिस्टम पर आधारित इस फैक्ट्री में रेडीमेड गारमेंट के उद्यमी बस अपनी मशीन आदि ले जाकर अपना उद्योग शुरू कर सकते हैं। रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़ी सिलाई, सफाई, पैकिंग आदि का काम करने वाली छोटी इकाइयां अपना कारोबार शुरू करेंगी।

चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह ने बताया कि गीडा बोर्ड की पिछली बैठक में यह तय किया गया था कि 80 फीसदी फ्लैट रेडीमेड गारमेंट्स और 20 फीसदी अन्य उद्यमियों को आवंटित किया जाएगा। इसी आधार पर आवंटन की संभावना है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रहे गीडा के अवर अभियंता वीके वर्मा ने बताया कि विभिन्न मंजिल पर स्थापित फैक्ट्रियों के उत्पादों को लाने और ले जाने के लिए व्हीकल रैंप बनाया जा रहा है। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक ने बताया कि मार्च तक फ्लैटैड फैक्ट्री के बन कर तैयार हो जाने की संभावना है। इसके बाद आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी।